जमुई जिला में 60 प्रतिशत पड़ा मतदान

जमुई (आससे)। बिहार विधान परिषद के कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जमुई जिले के सभी 11



मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण में वोटिंग संपन्न हो गया। इस चुनाव में 60.64 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला प्रशासन की देखरेख में स्वतंत्र , निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। डीएम श्री नवीन , एसपी विश्वजीत दयाल , डीडीसी शिप्रा विजय कुमार चौधरी आदि पदस्थों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया एवं विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। वोट के दौरान जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष पूरी तरह सक्रिय रहा। मतदान केंद्रों से प्राप्त सूचनाओं की सतत निगरानी की गई तथा निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक समन्वय स्थापित किया गया। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई । जिला प्रशासन की सतर्कता, अधिकारियों के प्रभावी पर्यवेक्षण तथा निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारियों एवं कर्मियों के समन्वित प्रयासों से मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान समाप्त होने के पश्चात मतदान केंद्र संख्या 142 से 150 तक के पीठासीन पदाधिकारी , प्रथम मतदान अधिकारी एवं माइक्रो प्रेक्षक पोल्ड मतपेटिका तथा अन्य निर्वाचन सामग्री के साथ पूर्णिया स्थित वज्रगृह में जमा करने हेतु केन्द्रीय व्यवस्था के तहत अधिग्रहित बस से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी , पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की भारी सुरक्षा में निर्धारित रूट से रवाना कर दिया गया है। इसके साथ ही मतदान केंद्र संख्या 151 और 152 के पीठासीन पदाधिकारी , प्रथम मतदान अधिकारी और माइक्रो प्रेक्षक पोल्ड मतपेटिका एवं निर्वाचन के अन्य सामग्री के साथ स्टेटिक दंडाधिकारी ओर पुलिस बल की सुरक्षा में मतदान केंद्र से सीधे पूर्णिया स्थित वज्रगृह में जमा करने हेतु रवाना हो गए हैं।

भाजपा और जन सुराज समर्थकों में नोकझोंक, कृषि भवन मतदान केंद्र पर मची अफरा-तफरी

भागलपुर(आससे)। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के दौरान कृषि भवन मतदान केंद्र पर बीजेपी समर्थकों और जन सुराज समर्थकों के बीच नोकझोंक हो गई। जन सुराज समर्थकों का आरोप था कि एनडीए प्रत्याशी



डॉ.एनके यादव की पत्नी बीना यादव मतदान केंद्र पर मतदाताओं के बीच प्रत्याशी की तस्वीर लगी डायरी बांट रही थीं। इसका जन सुराज समर्थकों ने विरोध किया,जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए मतदान केंद्र पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि मौके पर तैनात सुरक्षा जवानों ने तुरंत मोर्चा संभाला और दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद मतदान केंद्र पर स्थिति सामान्य हुई और मतदान प्रक्रिया जारी है। डॉ. एनके यादव की पत्नी बीना यादव ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी हार से बौखला गए हैं। चुनाव के दौरान हुई इस घटना को लेकर मतदान केंद्र पर कुछ देर तक गहमागहमी बनी रही।

दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए शिविर आयोजित

हवेली खड़गपुर (आससे)। शुक्रवार को प्रखंड के मध्य विद्यालय रमनकाबाद स्थित संसाधन कक्ष में दिव्यांग छात्र, छात्राओं के प्रमाणीकरण एवं सहायक उपकरण जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 63 दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। इस दौरान 13 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाणीकरण किया गया। वहीं 07 बच्चों का ईएनटी जांच भागलपुर के लिए किया गया। शिविर में समावेशी शिक्षा के शिविर विशेषज्ञ के रूप में नवीन कुमार सिंह, पीओई प्रवीण कुमार, पीओई, राजीव कुमार, ऑडियोलॉजिस्ट मोती सिंह, ऑडियोलॉजिस्ट के साथ समावेशी शिक्षा कर्मी के रूप में सीबीआरपी आईई, कौशल कुमार तिवारी, आरटीडीई धनंजय मंडल, बीआरपीआईई रणजीत बहादुर पटेल एवं आरटी डीई अमित कुमार मौजूद थे। जबकि चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में डॉ. प्रवीण कुमार कौशल, डॉ. सिकंदर रजक एवं डॉ. मधुकर नंदी मौजूद थे।

ठगी का आरोपी फरार मनोज कुमार वर्मा के घर पुलिस ने चस्पाया इश्तिहार

भागलपुर(आससे)। इसाकचक थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे लेने के आरोपित मनोज कुमार वर्मा के घर पुलिस ने इश्तिहार चस्पा किया है। इस दौरान पुलिस ढोल बजाते हुए मनोज कुमार वर्मा के घर



पहुंची और इश्तिहार चस्पा कर उसे कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी।बताया जा रहा है कि मनोज कुमार वर्मा ने फर्जी डीएसपी बनकर कई लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा दिया और उनसे पैसे लिए। आरोप है कि पैसे लेने के बाद उसने लोगों की रकम वापस नहीं की। इसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। मामला दर्ज होने के बाद से मनोज कुमार वर्मा पिछले कई महीनों से फरार चल रहा है। अब इसाकचक थाना की पुलिस ने उसके घर पर ढोल बजाते हुए इश्तिहार चस्पा करने की कार्रवाई की है

दरअसल खुद को सीआईडी का डीएसपी बताने वाला पुलिसकर्मी मनोज कुमार वर्मा कोर्ट से गिरफ्तारी वारेंट जारी होने के बाद फरार चल रहा है। नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोप में भागलपुर के बाईपास और इशाकचक थाना में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया गया है। वही बांका में भी जीरो एफआईआर दर्ज हुआ था जिसके आलोक में बांका कोर्ट से आदेश निर्गत होने के बाद गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ। अब पुलिस ने उसके घर पर इस्तेहार चस्पा किया है और यह जानकारी दी है कि अगर वह कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो घर पर कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

कर्तव्यहीनता के आरोप में दोषी सर्वेयर की तीन वार्षिक मानदेय वृद्धि पर रोक

बांका (आससे)। बांका जिला प्रशासन की सख्त कार्यवाई। लोक शिकायत निवारण की सुनवाई में खुली लापरवाही की पोल, पात्र लाभुकों के नाम सर्वे सूची से छूटने पर हुई दंडात्मक कार्रवाई। सनद रहे कि अब सरकारी बाबूओं के दिन लद गए, इस सरकार में दबै कुचलै और निरीह लोगों के बातों की सुनी जाती है। अबआमजनों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन और सरकारी कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में बांका जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत जिला पदाधिकारी, बांका की अध्यक्षता में आयोजित द्वितीय अपीलीय सुनवाई के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित मामले में गंभीर लापरवाही सामने आने पर दोषी कर्मी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

मामला चांदन अंचल के ग्राम सुरंगी के 10 आवेदकों से जुड़ा है, जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने तथा सर्वे सूची में अपना नाम शामिल नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जाँच प्रखंड विकास पदाधिकारी, चांदन द्वारा की गई। जाँच में पाया गया कि आवास प्लस सर्वे 2.0 के दौरान ग्राम पंचायत कुसुमजोरी के रोजगार सेवक-सह-सर्वेयर सिकंदर दास की घोर लापरवाही के कारण पात्र लाभुक का नाम सर्वे सूची में शामिल नहीं हो सका।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उप विकास आयुक्त, बांका ने दोषी कर्मी सिकंदर दास के विरुद्ध संचयी प्रभाव से तीन वार्षिक मानदेय वृद्धि पर रोक लगाने का दंड अधिरोपित किया है।


जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही, पात्र लाभुकों के अधिकारों की अनदेखी तथा कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बांका जिला प्रशासन आम नागरिकों की शिकायतों के निष्पक्ष एवं समयबद्ध निवारण तथा पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदेही, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ करने का संदेश दिया गया है।

खेल हमारे जीवन में निभाता है अहम भूमिका : डीएम

राज्यस्तरीय विद्यालय बालिका वॉलीबॉल मुकाबला शुरू

जमुई (आससे)। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण , खेल विभाग बिहार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जमुई स्थित



सोनपे खेल मैदान पर तीन दिनों तक चलने वाले राज्य स्तरीय बालिका विद्यालय वॉलीबॉल मुकाबला का शुभारंभ हुआ। डीएम श्री नवीन , एसपी विश्वजीत दयाल , सहायक निदेशक एस के सिंह , जिला खेल पदाधिकारी परिमल आदि ने अग्नि ज्योति प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का आगाज किया। इस प्रतिस्पर्धा में बिहार के आठ प्रमंडल अर्थात पटना , मुंगेर , भागलपुर , तिरहुत , मगध , सारण , दरभंगा और कोशी के 300 से ज्यादा बाजीगर हिस्सा लेकर अपना दम दिखाएंगे। प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रतियोगिता को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए 70 से ज्यादा ऑफिशियल और कोच को प्रतिनियुक्त किया है। स्थानीय स्तर पर 20 से ज्यादा खेल शिक्षक भी तीन दिनी वॉलीबॉल प्रतिस्पर्धा को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। मुकाबला उत्साह के माहौल में जारी है।

डीएम श्री नवीन ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि खेल का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेल हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाता है। टीम बनाकर खेलने से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है। समाज के उत्थान में यह भावना सहायक होती है। खेल से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। जब हम स्वस्थ रहेंगे , तभी हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। उन्होंने बाजीगरों को खेल भावना से खेलने का संदेश देते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने आवासन और भोजन का पुख्ता इंतजाम किया है। इसके बावजूद अगर कोई परेशानी हो तो इसकी जानकारी खेल मैदान में मौजूद शिक्षक अथवा अन्य जिम्मेवार व्यक्ति को दें। डीएम ने बाजीगरों को अखंड शुभकामना दी। वहीं एसपी विश्वजीत दयाल ने कहा कि वर्त्तमान युग में खेल के जरिए भी शिखर को छुआ जा सकता है। उन्होंने बाजीगरों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। जिला खेल पदाधिकारी परिमल ने अतिथियों और खिलाड़ियों का सम्मान करते हुए कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ में रहन-सहन , खान-पान , चिकित्सा , सफाई , पेयजल , रोशनी आदि बुनियादी जरूरतों का पुख्ता प्रबंध किया गया है। उन्होंने बाजीगरों को हर संभव सहयोग दिए जाने का ऐलान किया। खेल विभाग बिहार , खेल निदेशालय के सहायक निदेशक संजीव कुमार सिंह , राष्ट्रीय निर्णायक संदीप कुमार , मुरारी प्रसाद , करूनेश कुमार सिंह , किशोर कुनाल , प्रदीप कुमार , शिक्षक नवीन कुमार , मनोज कुमार आदि नामित जन उद्घाटन सत्र के साक्ष्य बने। वहीं स्टेट एंकर डॉ.निरंजन कुमार ने मंच संचालन कर राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के उद्घाटन सत्र में चार चांद लगाया। इस अवसर पर अधिकारी , शिक्षक-शिक्षिका और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

बिहार सरकार

कार्यालय का नाम- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बाढ़

निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)

मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से 70.00 लाख तक की राशि के कार्यो के लिए (डबल बीड पद्धति)

निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

NIT No- 12/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बाढ़।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक– 21/10/2026
3. संवेदक द्वारा निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि – दिनांक– 07/11/2026 को समय –11:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान – दिनांक– 09/11/2026 को समय –11:00 से 14:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न, कार्यपालक पदाधिकारी कक्ष, नगर परिषद बाढ़।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि – दिनांक– 18/11/2026 समय– 17:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि – दिनांक– 19/11/2026 समय– 11:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि – तकनीकी बीड में सफल होने के उपरांत
8. कार्य की विवरणी–

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं.– 03 में बाजितपुर कमरू मियां के घर एवं महावीर मिस्त्री खुर्शीद आलम कैलाश प्रसाद के घर से रिजवान अहमद के घर होते हुए भवानी चौक तक रोड एवं नाला निर्माण कार्य।	6853756	137100	10000	As Per Self-Generated	03 माह
2	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 03 में शर्मा सर के घर से उमेश ठाकुर एवं युसुफ मियां के घर होते हुए दिलीप रजक के घर होते हुए कलीम मियां , नसीम मियां के घर होते हुए मेन रोड इसराईल मियां के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4232846	84700	5000	As Per Self-Generated	03 माह
3	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 10 में बांध रोड से निरंजन जी , रामप्रवेश जी के घर होते हुए कब्रिस्तान चाहारदिवरी तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	4502576	93800	5000	As Per Self-Generated	03 माह
4	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 10 में बांध रोड पोस्ट ऑफिस के बगल से अरूण कुमार चन्द्रवशी , अशोक महतो ,टुनटुन जी , धनु यादव के घर होते हुए मसुद विगहा मेन रोड सोनल के घर तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य ।	5252385	105100	10000	As Per Self-Generated	03 माह
5	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 15 में सत्यनारायण शर्मा के घर से रकेश विश्वकर्मा के घर तक एवं जयराम कुमार के घर से अजय पंडित के घर तक एवं चन्दन पंडित के घर से कारू चौधरी के घर तक एवं श्रवण पासवान के घर से अजय पंडित के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4198553	84000	5000	As Per Self-Generated	03 माह
6	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 16 में पिन्टु साव से शंम्भु ठठेरा, बब्लु जी के घर होते हुए उमानाथ रोड तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4686482	93800	5000	As Per Self-Generated	03 माह
7	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 20 में मनोज कुमार (पोनी जी) के घर से पहलवान जी के घर होते हुए भाया शिशु ज्ञान स्कुल होते हुए प्रदिप के घर तक नाला निर्माण कार्य।	3567370	71400	5000	As Per Self-Generated	03 माह
8	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 24 में ढ़ेलवागोसाई मेन रोड से दुर्गा शर्मा , सहदेव तांती , सरजु मिस्त्री , सतीश शर्मा, राजो रवीदास तक एवं संजीत शर्मा के घर से बाबुलाल मिस्त्री भाया अनिल शर्मा के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4771684	95100	5000	As Per Self-Generated	03 माह
9	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 26 में कांती तांती से जीओ पार्क रोड भाया सुनिल जी से पप्पु सिंह भाया हैपी मैरेज हॉल बाजीदपुर रोड से सुनिल देवी भाया गार्डेन मैरेज हॉल दयाचक मोड मुख्य सड़क तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	5647362	113000	10000	As Per Self-Generated	03 माह
10	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 25 में धर्मेन्द्र कुमार के घर से ननु मियां के बोरिंग होते हुए अमृत पासवान के घर होते हुए श्याम यादव के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4801881	96100	5000	As Per Self-Generated	03 माह
11	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 05 में कुन्दन जी , अवधेश जी ,छोटे सिंह , अशोक सिंह, विभिसन जी एव नवीन सिंह के घर होते हुए विक्की के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य ।	5185245	103800	10000	As Per Self-Generated	03 माह
12	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं. 1 में अलखनाथ रोड से अरूण कुमार अशोक कुमार , कौशल जी के घर होते हुए डॉ मदन मोहन के क्लिनीक एन. एच – 31 तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	6458015	129200	10000	As Per Self-Generated	03 माह
13	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 18 में अनिल जी के जमीन से अरूण मास्टर साहब के घर होते हुए दयानन्द , मो0 सलाउद्दिन , रिकु जी के घर होते हुए समुदायीक भवन तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	5566682	111400	10000	As Per Self-Generated	03 माह
14	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 18 में गैस गोदाम रोड से गांधी मिस्त्री भाया मन्टु सिंह , जयप्रकाश नारायण तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	5062047	101300	10000	As Per Self-Generated	03 माह

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

9. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar मे देखा जा सकता है।

PR. No. 014091 (B&C) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् बाढ़

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें, किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन

बांका (आसस)। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से टाउन हॉल, बाँका में जीविका एवं आईडीबिआई बैंक के संयुक्त तत्वावधान में मेगा ऋण वितरण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 61 स्वयं सहायता समूहों को कुल ?1.08 करोड़ का ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, बांका और बैंक कै कार्यपालक निदेशक ,डॉ कुमार नील लोहित के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं जीविका दीदियों के स्वागत गीत से हुआ। जिला पदाधिकारी, बाँका अंशुल अग्रवाल ने दीदियों के प्रयासों, आत्मनिर्भरता एवं वित्तीय अनुशासन की सराहना की। दीदियों ने अपने अनुभव साझा किए। लाभार्थियों को ऋण का उपयोग कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई एवं अन्य आयवर्धक गतिविधियों में करने तथा समय पर किस्त चुकाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली जीविका दीदियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जीविका द्वारा लगाए गए आजीविका गतिविधियों के स्टॉलों का



अधिकारियों ने निरीक्षण किया तथा दीदियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में आईडीबीआई बैंक के कार्यपालक निदेशक डॉ. कुमार नील लोहित, अंकुल दुबे, बैंक के अन्य वरीय पदाधिकारी, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक राकेश कुमार, वित्तीय समावेशन प्रबंधक जय कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अजय कुमार सिंह तथा जिला एवं प्रखंड स्तर के जीविका कर्मी एवं मीडिया के बंधु उपस्थित थे।

इस मौके पर बताया गया कि बाँका जिले में 3.25 लाख से अधिक परिवार जीविका से जुड़े हैं। विभिन्न बैंकों के माध्यम से अब तक 26,543 स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्राप्त हुआ है तथा कुल ?1,155.6 करोड़ की ऋण राशि वितरित की जा चुकी है। जिला प्रशासन, जीविका एवं बैंकिंग संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार एवं आजीविका के अवसरों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

वित्तीय शिक्षा को सीधे लोगों तक पहुंचा रही निवेश बस यात्रा

जमुई। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने बिहार क्षेत्र में निवेश बस यात्रा शुरू की है। इस यात्रा के जरिये राज्य की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया जा रहा है। बस ने अपनी यात्रा पटना से शुरू की, इसके बाद यह मुजफ्फरपुर और दरभंगा से होते हुए अब भागलपुर पहुंच गई है। इसके बाद यह गया जाएगी और इन सभी स्थानों के समुदायों तक वित्तीय शिक्षा पहुंचाएगी। केनरा रोबेको एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश नरूला ने कहा कि निवेश बस यात्रा का मकसद वित्तीय शिक्षा को सीधे लोगों तक पहुंचाना है। यह यात्रा अब तक 19 राज्यों में जा चुकी है। अब हम इसे बिहार लेकर आए हैं, ताकि कई शहरों के लोगों से जुड़ सकें, निवेश की बातें आसान भाषा में समझा सकें, आम गलतफहमियां दूर कर सकें और लंबी अवधि की वित्तीय योजना को बढ़ावा दे सकें।

बिहार सरकार

राजकीय दंत महाविद्यालय
पैठना, रहुई, नालंदा

पुस्तक एवं जर्नल क्रय हेतु निविदा का प्रारूप

राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के केन्द्रीय पुस्तकालय / विभिन्न विभागीय पुस्तकालय हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के लिये मेडिकल के अद्यतन संस्करण के पुस्तक / जर्नल की आपूर्ति हेतु दैनिक समाचार पत्र में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिनों के अंदर निम्नलिखित बिंदुओं पर ब्यौरा देते हुए The Federation of Publishers and Booksellers Association of India(FPBAI) मापदंड के शर्तों को पूरा करने वाले पुस्तक /जर्नल विक्रेता से निविदा मोहरबंद लिफ़ाफ़े में स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक द्वारा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। निविदा की प्राप्ति अंतिम तिथि को रविवार अथवा राजपत्रित अवकाश होने पर दूसरे दिन शाम 5:00 बजे तक होगी। निविदा की नियम एवं शर्तें तथा पुस्तकों एवं जर्नलों की सूची राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के कार्यालय से पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है अथवा कॉलेज के वेबसाईट https//gdschnalanda.ac.in डाउनलोड किया जा सकता है।

1. पुस्तक एवं जर्नल हेतु निविदादाता को एक ही निविदा देनी होगी।
2. पुस्तक एवं जर्नल हेतु निविदा दो लिफाफा पद्धति के माध्यम से देय होगी। निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मोहरबंद लिफाफा में भेजना होगा। (तकनीकी लिफ़ाफ़े के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय लिफ़ाफ़े के ऊपर वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिए।) दोनों निविदा एक बड़े लिफ़ाफ़े में मुहरबंद होगा जिस पर वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये पुस्तकालय के पुस्तक एवं जर्नल की आपूर्ति हेतु निविदा बड़े–बड़े एवं स्पष्ट अक्षरों में टंकित होना चाहिए।
3. निविदा की अंतिम तिथि के दूसरे दिन अपराह्न 12:30बजे दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि प्राधिकार पत्र एवं व्यक्तिगत पहचान पत्र के साथ उपस्थित रह सकते हैं।
4. निविदादाता को अग्रधन राशि के रूप में रुपये 1,00,000/– (एक लाख रुपया मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट, जो प्राचार्य, राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के पदनाम से देय होगा, को जमा करना होगा। अनुमोदित निविदादाता का अग्रधन राशि दर अनुमोदन के पश्चात जमानत राशि के रूप में जमा रहेगा तथा अन्य निविदादाता की अग्रधन राशि वापस कर दी जाएगी।
5. निविदा की स्वीकृति या अस्वीकृति के लिये क्रय समिति का निर्णय अंतिम होगा। क्रय समिति को बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा नालंदा स्थित न्यायालय अथवा पटना न्यायालय में होगा। दी गई शर्तों में किसी शर्त को पूर्ण न करने की स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।
6. Federation of Publisher's and Booksellers Associations of Indiaका सदस्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त प्रमाण पत्र नहीं रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा प्रथम दृष्ट्या रद्द कर दी जाएगी।
7. सफल निविदाकर्ता से इकरारनामा लिया जाएगा।
8. मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नल का मूल्य Subscriptionदर से अधिक नहीं होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति की गई पुस्तकों एवं जर्नल का प्रकाशन दर (संबंधित कंपनी) विपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. F.O.R केन्द्रीय पुस्तकालय, राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा में होगा। इसके लिये अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।
10. विदेशी प्रकाशन में मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नलों का भारतीय मुद्रा में परिवर्तित दर निविदा प्रकाशन में देना होगा।

PR- 013960 (Health) 2026-27

प्राचार्य,
राजकीय दंत महाविद्यालय
पैठना, रहुई, नालंदा

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कोसी स्नातक निर्वाचन के लिए 59.16 प्रतिशत मतदान

हवेली खड़गपुर (आससे)। शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 के तहत कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम के बीच मतदान संपन्न हुआ। कुल 906 मतदाता वाले इस बूथ पर 59.16ब प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 536 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 145 महिला जबकि 421 पुरुष मतदाताओं ने वोटिंग किया। गौरतलब है कि चुनाव मैदान में कुल 15 उम्मीदवार है। शुक्रवार की सुबह आठ बजे से मतदान शुरू होकर शाम



चार बजे तक चला। उपरोक्त बातों की जानकारी सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने दी। मतदान को लेकर स्नातक युवाओ का उत्साह काफी परवान पर दिखा।

दिव्य दुर्गा पूजा फाउंडेशन की ओर से भगवती जागरण

हवेली खड़गपुर (आससे)। गुरुवार की देर शाम प्रखंड के तेघड़ा गांव में दिव्य दुर्गा पूजा फाउंडेशन,



तेघड़ा की ओर से भव्य भगवती जागरण का आयोजन किया गया। रितुराज म्यूजिकल ग्रुप के संयोजन में आयोजित भक्ति जागरण का संचालन शिबू दा कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा पूजा सेवा समिति के पुजारी विनय झा के वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुज आनंद के गणेश वंदना से हुई। इसके बाद ज्योति ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों से जागरण कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। ज्योति ने मैया है मेरी शेरावाली और प्यारा सजा है दरबार भवानी भक्ति गीत से सबों को भक्ति धारा में डूबा दिया। गायिका काजल ने भी एक से बढ़कर एक भक्तिगीत की प्रस्तुति दी। रिया, अमन और यश ने नृत्य के साथ मनोरम झांकी प्रस्तुत कर प्रशाल में मौजूद भक्तों को खूब झुमाया। इस मौके पर मुखिया जितेंद्र बिंद, पूर्व मुखिया रंजन बिंद, सुरेंद्र बिंद, पंसस मंजीत कुमार, अरुण कुमार, नीतेश कुमार चौधरी, रवि कुमार, मुकेश कुमार, सुनील शर्मा, रूपेश कुमार, लक्ष्मी, चंदन कुमार, दीपक, मिथुन, अभिषेक आदि समेत ग्रामीण मौजूद थे।